तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 रत्नाबांधा चौक, नगरी रोड बना चालानी कार्रवाई का हॉटस्पाट



12 तारिणी को मिली कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान









### मौसम और कीट प्रकोप का परिणाम अब आ रहा सामने

# फसल का उत्पादन घटा, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस साल फसल का उत्पादन काफी घट गया है। जिन खेतों में पहले 25-30 क्विंटल तक धान का उत्पादन होता था, इस साल 20-22 क्विंटल में ही सिमट गया है। अब स्थिति यह है कि अधिकांश किसानों की कोठी समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद खाली हो जाएगी। उत्पादन कम होने से खेती में लाभ भी घट गया है।



इस साल खेती किसानों के लिए काफी समस्याओं से भरी रही। खेती शुरू होने से पहले ही बारिश का दौर शुरू हो गया, जो आखिर तक जारी रहा। यही नहीं कीट प्रकोप हद से ज्यादा हुआ, जो कीटनाशक के प्रयोग के बाद भी खत्म नहीं हुआ। इन सब कारणों से इस साल फसल का उत्पादन कम आ रहा है। किसान सुनील साहू, बिसौहा साहू ने बताया कि उन्होंने अर्ली वैरायटी का धान लगाया था। समय पर धान तैयार हो गया था, लेकिन बारिश के कारण समय में धान की कटाई मिंजाई नहीं हो पाई। मौसम में सुधार के बाद धान की कटाई मिंजाई की तो उत्पादन कम आया। बिसौहा ने बताया कि एक एकड़ में मुश्किल से 21 क्विंटल धान की पैदावारी हुई है। समिति से उसने कर्ज भी ले रखा है। धान बेचने के बाद आधी राशि तो कर्ज छूटने में चली जाएगी। अतिरिक्त धान नहीं होने से आगे खेती करने में परेशानी होगी।

### फसल को हुआ काफी नुकसान

किसान गिरधर साहू, युवराज शर्मा, फगेंद्र साहू ने बताया कि लेट वैरायटी की फसल में उत्पादन ज्यादा आता है। इस कारण उन्होंने स्वर्णा धान लगाया था। इस साल स्वर्णा धान में पेनिकल माइट का प्रकोप काफी अधिक रहा। इस कीट प्रकोप के निदान के लिए अब तक कोई कारगर कीटनाशक नहीं बना है। कीटनाशकों के छिड़काव के बाद भी पेनिकल माइट ने फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। स्थिति यह है कि प्रति एकड़ मुश्किल से 22 क्विंटल धान का उत्पादन हो पा रहा है।

### चना बोने में परेशानी

लेट वैरायटी की फसल लगाने वाले किसान इस साल काफी परेशान हैं। धान की कटाई अभी कम्पलीट हुई है। काफी दिनों तक बारिश होने के कारण खेतों में काफी नमी है, जिसके चलते जुताई काम अभी तक नहीं हुआ है। उधर चना, गेहूं सहित अन्य उन्हारी फसल बोने का समय निकलता जा रहा है। खपरी, भानपुरी सहित कई गांवों में धान बोने पर पाबंदी लगा दी गई है। ऐसे में किसान बुरे फसे हैं। किसानों ने बताया कि यदि उन्हारी फसल की बोनी वे लेट करते हैं तो उत्पादन काफी कम आएगा।

## जिला अस्पताल में युवकों ने किया हंगामा




प्रबंधन ने सिटी कोतवाली को कार्रवाई के लिए किया पत्राचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मरीज का उपचार हो जाने के बाद भी उसके अटेण्डरों द्वारा जिला अस्पताल में जमकर हंगामा करने का मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन ने सिटी कोतवाली को कार्रवाई के लिए पत्राचार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि दो युवक मरीज पीयूष को उपचार कराने जिला अस्पताल लाये थे। इस दौरान ड्यूटी पर महिला चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ व वार्ड ब्वाय ड्यूटी पर थे। डाक्टर व स्टाफ द्वारा मरीज का समुचित उपचार किया गया। इसके बावजूद मरीज के अटेण्डर दोनों युवकों ने मोबाइल पर वीडियो शूट करते डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ व वार्ड ब्वाय से दुर्व्यवहार करते हुए हंगामा किया। युवकों ▶▶ शेष पेज 10 पर

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



## खबर संक्षेप



### उमरगांव में आज मेला मड़ई, कई गांवों के देवी-देवता पहुंचेंगे

■ मीना बाजार लगेगा, रात में होगा छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में आज मेला मड़ई का आयोजन किया गया है जिसमें पोड़ागांव, लखनपुरी, भीरागांव, अमलीडीही, नवागांव, गैदाभर्री, पोडीडीही, रानीगांव, मल्हारी, फरसगांव, ठोठाझरिया सहित अनेक गांव के देवी-देवता पहुंचेंगे। मीना बाजार में ड्रैगन झूला, आकाश झूला आकर्षण का केंद्र होंगे। यह मेला दो दिन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर मयारु नाचा पार्टी छेड़िया भरदा गुरुर और छिन्दीटोला में रंगधारा नाचा पार्टी ओनवी खेली छुरा गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। भीरागांव में डीजे डांस प्रतियोगिता होगी।

### न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि के आसार

**धमतरी।** आगामी दो दिन के लिए न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी, वहीं तीन दिन तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में



हल्की बारिश तथा बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्रवाती तूफान -दितवाह- दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे सटे श्रीलंका के ऊपर है। यह 30 नवंबर की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु, पुंडुचेरी और दक्षिण आंध्रप्रदेश के तट के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से दो दिनों के लिए प्रदेश का तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ने तथा दक्षिण संभाग के एक दो स्थानों पर बहुत हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम न्यूनतम तापमान रविवार को 28 सेल्सियस और 13 सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना है।

### महेश कुमार हुए सेवानिवृत्त 34 वर्ष तक की सेवा

**अंवरी।** भखारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रसंघ के



नेता रहे महेश कुमार साहू पिता दौवाराम साहू ने 29 वर्ष की आयु में अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य के धार जिले से एनएमए पद से शासकीय सेवा की शुरूआत की। दुर्ग जिले के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर खुर्सीपार भिलाई में शासकीय सेवा देते हुए कुष्ठ कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व किया। सच्ची श्रद्धा एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सफलतापूर्वक 62 वर्ष पश्चात अपनी शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी पूर्ण कर 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए। शासन को अपने जीवन के बहुमूल्य 34 वर्ष प्रदान किये।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जिला अस्पताल में युवकों ने किया हंगामा

के हंगामे को देख पुलिस चौकी से एक आरक्षक को बुलाया गया लेकिन युवक आरक्षक के साथ भी दुर्व्यवहार करने लगे। जिला अस्पताल में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं जिसके कारण नाइट ड्यूटी कर रही महिला चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ भयभीत रहते हैं। इस तरह अस्पताल में हंगामा करने वाले अधिकतर व्यक्ति नशे में रहते हैं जो बड़ी पहुंच बताकर स्टाफ को धमकाते हैं। इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम आवश्यक है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. टोण्डर ने मीडिया को बताया कि यह शासकीय नियमों के विरूद्ध है। इस मामले में सिटी कोतवाली को दो लोगों पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।

शासन-प्रशासन से स्थायी पुल निर्माण की मांग, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं

# सोंढूर नदी पर ग्रामीणों ने जनसहयोग से बनाया रपटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित नगरी-चारगांव-जबर्रा खरका मार्ग तथा काजलसारा, जुनाडीही, बनियाडीही से होकर महाशिव लिंग भूतेश्वर बाबा मंदिर गरियाबंद जाने वाले मार्ग पर सोंढूर नदी बहती है। यह नदी नगरी से गरियाबंद के बीच लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर पड़ती है। बरसात के दिनों में जलस्तर बढ़ जाने से यह मार्ग पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिसके कारण धमतरी और गरियाबंद जिले के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

हर साल की तरह इस वर्ष भी बारिश समाप्त होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने स्वयं आगे आकर मिट्टी डालकर नदी पर अस्थायी रपटा तैयार किया, जिससे दोनों जिलों के बीच आवागमन सुचारु हो सका। जनसहयोग से बने इस रपटे ने ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान पुल नहीं होने से छात्रों, किसानों, मरीजों सहित आम लोगों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

रपटा निर्माण के लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से लगभग 40,000 रुपये का चंदा एकत्र किया। इसमें पूर्व सरपंच धनुषधारी कुमार, विजय कुमार, राजूराम नेताम, लोकेश्वर पटेल, तुलूराम मरकाम, निरन कुमार, गंगादेव सोरी, त्रिभुवन सोरी, जेठूराम कुमार, सिलाल साहू, शेषनारायण साहू, द्वारिका साहू, कुलेश्वर साहू, वायु साहू, यशवंत साहू, हेमराज साहू, हेमत साहू, नवीन साहू, हेमू साहू, यशवंत ध्रुव, पूनम साहू, टेमन साहू, उमेश साहू, कुंजबिहारी साहू, दिगेश साहू, संतोष दीवान, डॉ. हेमराज साहू, कांता ध्रुव, अशोक कुमार, हरिचंद कुमार सहित दोनों जिलों के अनेक ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई वर्षों से शासन-प्रशासन से यहां स्थायी पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाईनहीं हुई है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्या को समझते हुए जल्द ही स्थायी पुल का निर्माण कराएगा, ताकि बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी हमेशा के लिए समाप्त हो सके।

# सिहावा विस में 89 प्रतिशत एसआईआर पूर्ण

■ कांकेर सांसद भोजराज नाग ने लिया कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी के रेस्ट हाउस में शुक्रवार को भाजपा की एसआईआर को लेकर बैठक हुई। कांकेर सांसद भोजराज नाग ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (विशेष मतदाता सूची निरीक्षण) कार्य का बूथवार एवं सेक्टरवार निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और शत-प्रतिशत लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

सांसद श्री नाग ने स्पष्ट कहा कि जिन बूथों पर मतदाता पहचान में समस्या सामने आ रही है, वहां निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकारी व पार्टी द्वारा अधिकृत कार्यकर्ता तुरंत समाधान कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। दोपहर 12 बजे तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र में 89 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण हो चुका था। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बूथवार प्रगति रिपोर्ट सांसद को सौंपते हुए विवरण प्रस्तुत किया। सांसद ने नगर पंचायत के तीन बूथों का निरीक्षण किया। बूथ अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद नाग ने कहा कि 4 दिसंबर से पूर्व कोई भी योग्य स्थानीय मतदाता सूची से न छूटे। बाहरी राज्य, क्षेत्र से आए व्यक्तियों के नाम चिह्नित कर आवश्यक विलोपन हेतु आवेदन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, एसआईआर प्रभारी नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्व, सदस्य अजय ध्रुव, गरिमा नेताम, चंद्रकला साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, नंदिनी सिन्हा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, सुलोचना साहू, मोनू साहू, राजेश नाथ गोसाई, शुभम यदु, प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव, रविशंकर दुबे, मोहन नाहटा, नरेश सिन्हा, शत्रुघ्न साहू, भवानी यादव, विजय यादव, गुरुप्रसाद साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 81,004.56 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 81,004.56 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल समर्थन मूल्य 192.20 करोड़ रुपये है। इस प्रक्रिया से 17,453 किसान लाभान्वित हुए हैं। सभी केंद्रों में टोकन आधारित व्यवस्था, एसएमएस अलर्ट, किसान पंजीयन सत्यापन और नियमित जांच से खरीदी में किसी प्रकार की बाधा नहीं आई है। कस्टम मिलिंग के लिए 2,51,552 मीट्रिक टन धान की अनुमति दी गई है। इसमें से 19,99,248 मीट्रिक टन का अनुबंध हो चुका है। वर्तमान में समितियों में 81,004.56 मी.टन धान सुरक्षित रूप से संग्रहित है। सोमवार 1 दिसंबर 2025 के लिए 2136 किसानों को 98,426.69 क्विंटल धान बेचने टोकन जारी किया गया है।

## डीएसपी बने डायमंड का संयुक्त शिक्षक संघ ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने ग्राम परसवानी के डायमंड सिंह ध्रुव का छग लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही डीएसपी पद पर चयन होने पर घर जाकर मुंह मीठा कराकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। डायमंड सिंह स्व. बलरामसिंह सूर्यवंशी करारोपण अधिकारी जपं मगरलोड एवं श्रीमती अंबिका सूर्यवंशी शिक्षिका के बेटे हैं। अपनी मेहनत एवं लगन से जो मुकाम हासिल किया है, वह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस उपलब्धि पर जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू, कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, सचिव उदयभान पाल, उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, प्रवक्ता महेश साहू, महामंत्री दिनेश कुमार गायकवाड़, सहसचिव शेखन साहू, रीमन सिंग दीवान, रोहित साहू, दुष्यंत माणिक, सुरेश साहू ने खुशी जाहिर की है।

## पीएमश्री स्कूल कठौली में हुआ बाल मेला

■ जनप्रतिनिधियों, अतिथियों ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





हायर सेकेंडरी स्कूल, माध्यमिक शाला व पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली के संयुक्त तत्वावधान में बाल मेला का आयोजन हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली में किया गया। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, विशेष अतिथि सरपंच डां. खेमराज साहू, प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के प्रबंधन समिति अध्यक्ष टिकेश विश्वकर्मा, गणेश राम साहू, नीलमणि निषाद रहे। कार्यक्रम के दौरान गौकरण साहू सहित अतिथियों ने स्टाल में सजे विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। आनंद मेला में पालकगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

मौके पर प्राचार्य एनके धीवर, एनके वर्मा, पीएमश्री प्रधानपाठक एलके साहू, सीके नगारची, समन्वयक डीके साहू तथा तीनों विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है

■ सुखराम नागे कालेज के छात्रों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राजनीति विज्ञान विभाग, रासेयो एवं स्वीप के तत्वावधान में संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव की तस्वीर पर पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया एवं संविधान की शपथ दिलाई गई। स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के आदर्श को जीवन में लागू करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आरआर मेहरा ने विद्यार्थियों को समझाया कि संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। डॉ. ममता सौरज अतिथि व्याख्याता ने कहा कि सामाजिक सद्भावना और राष्ट्रहित को सदा अपना जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर डॉ. रमेश देवांगन, डॉ.अश्वनी धुव, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, डा. कविता, प्रो.मोहित कुर्रे, डॉ.ममता सौरज, डा. अंबा शुक्ला, डा. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ.वेणु साहू, उर्वशी साहू, डिलेश्वरी पटेल, नेहा राजन, सीता नेताम, सौरभ पाण्डेय, प्रमोद चौरे, सागर मंडावी, अब्बास मेमन, लाकेश समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## निधन

### डॉ. दशरथ लाल साहू

**सिर्री।** ग्राम संकरी (चिंवरी) निवासी डॉ. दशरथ लाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक 66 वर्ष का आकस्मिक निधन



26 नवंबर बुधवार को हो गया। वे खेदिया बाई के पुत्र, रमा साहू के पति और प्रहलाद साहू के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने ललित साहू, अभिषेक साहू, सूर्येश, योगिता, रियांश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बगदेही में चार किसानों की सालभर की मेहनत जलकर खाक

# खेत में रखी धान खरही में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



साल भर खून-पसीने की मेहनत से तैयार की गई 4 किसानों की धान फसल की तीन एकड़ से अधिक की खरही में किसी असामाजिक तत्व ने आग लगा दी। इससे करीब 80 क्विंटल धान जलकर ख़ाक हो गया। किसानों के अनुसार लाखों का नुकसान हुआ है। कुछ दिन पहले भी यहां एक और किसान के खेत में आगजनी की घटना हुई थी। लगातार हो रही घटना से चिंतित किसानों ने पुलिस प्रशासन से फसल सुरक्षा के लिए गुहार लगाई है।

घटना कुरूद थाना अंतर्गत ग्राम बगदेही की है। शुक्रवार की रात किसान सुधीर साहू, कृष्णा साहू, परदेशी, गिरधर साहू ने कुछ दिन पहले अपने धान की कटाई कर मिंजाई के लिए खेत में ही 4 अलग-अलग खरही बनाकर रखा था जिस पर किसी अज्ञात लोगों ने आग लगा दी।खबर लगते ही किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की मदद से गांव के ट्रैक्टर से टैंकर में पानी लाया गया, लेकिन खेत दूर खार में होने की वजह से समय पर नहीं पहुंच पाया और खेत में रखी 4 धान खरही देखते ही देखते पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम को बताया गया कि घटना में किसान सुधीर साहू 75 डिसमिल, गिरधर साहू 75 डिसमिल, कृष्णा साहू 70 डिसमिल और परदेशी साहू के 1 एकड़ की फसल जली है। दोषियों पर कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग प्रशासन से की गई है।

### खेत में आगजनी की यह दूसरी घटना

खेत में आगजनी की यह दूसरी घटना है। कुछ दिन पूर्व ही बगदेही में एक किसान के धान में इसी तरह आग लगा दी गई थी, जिससे उसका काफी नुकसान हुआ था। परसों की घटना में करीब 80 क्विंटल धान जलकर खाक हो गया। इससे किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है।ग्रामीणों ने शंका जाहिर करते हुए बताया कि द्वेषपूर्ण भावना से अज्ञात लोगों द्वारा धान खरही में आग लगाई गई है।

## अंचल की खबरें

### तारिणी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर हर्ष



**भखारा।** छत्तीसगढ़ सहित 41 जिलों के लिए जिला कांग्रेस के नए अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी की। प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों ने स्थानीय नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट हाईकमान को भेजी थी। तारिणी चंद्राकर को जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्राम पंचायत सेमरा के यतीश सिन्हा ने कहा कि तारिणी को जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस संगठन में अपार उत्साह है। वह बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएंगी और जनता के मुद्दों को ज्यादा मजबूती से उठा पाएंगी। उनके अध्यक्ष बनने परसेमरा, सिलघट, सुपेला, गाड़ाडीह, सिलतरा, सिलीडीह, सिर्वे के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में हर्ष है।

### महेश्वर का आबकारी उपनिरीक्षक में चयन



**अंवरी।** ग्राम खपरी (सिलीडीह) निवासी भैयाराम कंवर का पुत्र महेश्वर कंवर पीएससी पास कर आबकारी उपनिरीक्षक बना। महेश्वर एक गरीब मजदूर का बेटा है। वह अपने अथक परिश्रम एवं लगन से यह मुकाम हासिल किया गया। महेश्वर का आबकारी उपनिरीक्षक में चयन होने पर परिवारजनों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर धरम कंवर, गैंद कंवर, रेखराम यादव, जितेन्द्र कंवर, सन्नूराम कंवर सहित अनेक ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### रामपुर स्कूल में हुए स्पोर्ट्स एक्टिविटी



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शनिवार को स्पोर्ट्स एक्टिविटी हुए जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। व्यायाम, पीटी ड्रिल, मार्चपास्ट, एरोबिक एक्सरसाइज, जुंबा डांस एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू द्वारा करवाई गई। यह आयोजन विद्यालय प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हुआ।

### चेस इंटर हाउस इंट्रामुरल स्पर्धा हुई



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में नियमित एक्टिविटी के तहत इस शनिवार को चेस इंटर हाउस इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों हाउस सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। कुल 20 टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम स्थान देवराज सुन्दर हाउस, द्वितीय स्थान दीपक सुंदरम हाउस ने प्राप्त किया। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग खेल प्रतियोगिता प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित की जाती है। मौके पर व्याख्याता आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एस अग्रवाल, ओमेश्वरी मैम, एम ठाकुर उपस्थित थे।

### भुसरेंगा स्कूल के छात्र संविधान की मूल भावना से हुए अवगत



■ भारत का संविधान नागरिक अधिकारों का संरक्षक है : कुलेश्वर

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला भुसरेंगा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संविधान की मूल भावना, मौलिक अधिकार, महत्व एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। संस्था प्रमुख यूके कोसरिया ने बच्चों एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक कुलेश्वर साहू ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं बल्कि यह देश की आत्मा, पहचान और नागरिक अधिकारों का संरक्षक है। लोमस कुमार साहू शिक्षक ने कहा कि संविधान की मूल भावना को व्यवहार में लाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर हमारा संविधान देश का अभिमान थीम पर चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता भी हुई। मौके पर श्रीमती यामिनी देवांगन, गीता साहू, केशरी दादर, देवबती ध्रुव, आरती यादव, सीता बाई साहू, दया बाई नागरची, कोमल साहू, ईश्वरी यादव, लीला बाई ध्रुव, ज्योति ध्रुव, भारती पटेल, शारदा बाई ध्रुव आदि उपस्थित रहीं।

**खबर संक्षेप**



## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसायकिल चालक का पैर टूटा

**धनेलीकन्हार।** भानुप्रतापपुर मार्ग पर स्थित धनेलीकन्हार में शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार से ओवरटेक कर रही सीमेंट लोडेड ट्रक अचानक एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार हाटकर्रा निवासी 48 वर्षीय पुनीत देहारी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ समझने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 4227, जिसमें सीमेंट भरी हुई थी, कोरर से धनेलीकन्हार की ओर जा रही थी और टैंकर को ओवरटेक करके निकल रही थी, तभी कांकेर की ओर से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 बीजे 2955 को अपने चपेट में ले लिया। ट्रक के पहिया पर मोटर सायकल सहित मोटर सायकल का चालक फंस गया था, जिससे ग्रामीणों ने ट्रक के पहिए में फंसे घायल को निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक की स्पीड अधिक थी और चालक ट्रक पर नियंत्रण नहीं कर पाया, जिसके चलते हादसा हुआ। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने बिना देर किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार के चिकित्सकों को फोन किया और एबुंलेस मौके पर पहुँचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया, परंतु उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत कांकेर मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है और आगे का उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक घटना के तुरंत बाद वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जाँच में पाया कि ट्रक का चालक ट्रक को छोड़कर भा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरटेक की प्रवृत्ति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



## अवैध शराब बेचने वालों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 27 नवंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर निवासी अशोक व्यापारी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब व नगद 210 रूपएं और आरोपी पखांजुर निवासी 36 वर्षीय रंजन विश्वास के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब व नगद 250 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला किया गया। आरोपी पखांजुर निवासी 38 वर्षीय दीपंकर मजुमदार अपने घर आंगन में अन्य लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा देते हुए पकड़ा गया। आरोपी दीपंकर के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## घायल युवक की हुई मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना चारामा अंतर्गत चारामा निवासी 30 वर्षीय पुष्पेंद्र कुमार साहू सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 13 अक्टूबर को घायल की मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अत्याधुनिक एआई कैमरों से हो रही ट्रैफिक की निगरानी

# रत्नाबांधा चौक, नगरी रोड बना चालानी कार्रवाई का हॉटस्पाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर का रत्नाबांधा चौक चालानी कार्रवाई का हॉटस्पाट बना हुआ है। अत्याधुनिक एआई कैमरों से यहां निगरानी होने के कारण ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले हर व्यक्ति का चालान कट रहा है। अब तक सैकड़ों चालानी कार्रवाई हो चुकी है।

महानगरों की तर्ज पर धमतरी में भी अब हाईटेक एआई कैमरों से ट्रैफिक की निगरानी हो रही है। आटीओ ने धमतरी के रत्नाबांधा और भोयना में आरटीओ आफिस के सामने अति उन्नत आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस से लैस कैमरे लगाए हैं। यह कैमरे स्वचलित हैं, जो खुद ही पिक्चर कैप्चर करता है और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आटोमेटिक चालान भेज देता है। यह पूरा सिस्टम आरटीओ से जुड़ा हुआ है, लेकिन इसकी कार्यप्रणाली पर धमतरी के अधिकारियों का नियंत्रण नहीं है। सीधा रायपुर परिवहन विभाग से यह जुड़ा हुआ है, जिसके चलते किसी भी व्यक्ति को कोई रियायत नहीं मिल रही है। लोगों को पता नहीं चल रहा है और उनका चालान कट रहा है। चालान कटने के बाद मोबाइल पर जब मैसेज पहुंच रहा है, तब लोगों को इसकी चालान कटने की जानकारी हो रही है।

### इन नियमों पर फोकस

वैसे तो कैमरा ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाली हर गतिविधि पर नजर रख रहा है। बिना हेलमेट वाहन चलाने, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता, गाड़ी की फिटनेस, एसआरटी नंबर प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर फोकस किया जा रहा है। यह कैमरा सातों दिन और चौबीस घंटे काम कर रहा है। जिला परिवहन अधिकारी एमए मुजाहिद ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि अपडेट रखें।

### वाहन चालकों की उड़ी नींद

अब तक तीन सौ से ज्यादा मामलों में लोगों को चालान भेजा जा चुका है। खासकर टैक्सी, आटोरिक्शा, कार जैसे अन्य वाहन इस कैमरे की चपेट में आए हैं। कई वाहन तो ऐसे हैं, जिनका एक बार नहीं तीन से चार बार चालान कट गया है। जब भी वाहन इस रोड से गुजरता है। कैमरा नम्बर का फोटो खींच कर खुद ही ऑनलाइन वाहन का डिटेल निकाल लेता है और चालान भेज देता है। इस प्रकार की कार्रवाई से वाहन चालकों में दहशत हैं।

### कर रहे रूट डायवर्ट

शहर में यह कैमरा रत्नाबांधा चौक में लगा हुआ है जिन लोगों को कैमरों की जानकारी हो चुकी है और उनके वाहन के दस्तावेज अपडेट नहीं हैं, तो वे इस चौक से गुजरने से परहेज कर रहे हैं। इस चौक से गुजरने की बजाय बाईपास मार्ग, विवेकानंद कालोनी की गली, कालेज रोड, हटकेशर गली, शिवचौक गली सहित अन्य गलियों व मार्गों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## अभद्र टिप्पणी करने पर ब्राम्हण समाज ने शिकायत दर्ज कराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राम्हण समाज की बेटियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर सिटी कोतवाली में राष्ट्रीय ब्राम्हण समाज युवा मंच छग के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा की अगुवाई में शिकायत दर्ज कराई गई। इस अवसर पर शिकायत करने वालों में राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता पीयूष पाण्डेय, प्रदेश सचिव युवराज शर्मा, प्रमोद पाण्डेय जिला अध्यक्ष धमतरी, शुभांक मिश्रा प्रदेश सचिव युवा मंच, सूरज शर्मा, महिला मंच जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता ननकू महाराज, यश दुबे, आदर्श शर्मा, प्रदेश सदस्य रितेश मिश्रा शामिल थे।

## किसानों को मिला आधुनिक कीट प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्राम बानगर में किसानों तथा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लाइट ट्रैप, येलो स्टिकी प्रपंच एवं शाकनाशियों के सुरक्षित उपयोग संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। यह कार्यक्रम डॉ. नवनीत राणा (डीन) के निर्देशन में, डॉ. भूमिका हत्गिया रावे समन्वयक के मार्गदर्शन तथा डॉ. उमेश दास की उपस्थिति में हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों को लाइट ट्रैप के कार्य सिद्धांत, प्रकाश आकर्षण के आधार पर कीटों की निगरानी तथा कीट जनसंख्या का आकलन करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया समझाई। खेत में लाइट ट्रैप का लाइव प्रदर्शन करते हुए किसानों को कीट पहचान, ट्रैप लगाने की उचित ऊंचाई, दूरी एवं स्थान चयन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह तकनीक रस-चूसक कीटों जैसे वाइटफ्लाई, थ्रिप्स एवं एफिड के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी है। प्रशिक्षण के दौरान ट्रैप की सही ऊंचाई, पीले रंग की आकर्षण क्षमता, ट्रैप परिवर्तन के अंतराल तथा प्रति एकड़ आवश्यक संख्या की जानकारी दी गई।

किसानों को शाकनाशियों के सुरक्षित उपयोग, अनुशंसित मात्रा, उपयुक्त नोज़ल, पीपीई किट का प्रयोग, हवा की दिशा, स्प्रे का सही समय तथा उपकरणों की स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया गया।

## आमदी मंडी में किसानों के लिए पेयजल सुविधा न मिलने पर भड़के विधायक

- अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)



जिले के आमदी धान उपार्जन केन्द्र में क्षेत्रवासियों से टोकन कटाई में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर विधायक ओंकार साहू ने आमदी कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर की सफ़ाई व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, पारदर्शिता तथा किसानों को उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि मंडी में किसानों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं थी। इस पर उन्होंने अधिकारियों को तुरंत आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किसानों ने विधायक श्री साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग रखी। विधायक ने किसानों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कहा कि धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने के विषय को प्राथमिकता के साथ शासन-प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा, ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।

विधायक श्री साहू ने स्पष्ट कहा कि किसानों की परेशानियों का समाधान शीघ्र और प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंडी में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू और किसान हित में संचालित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और खरीदी केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। मौके पर नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, पारसमणि साहू, गजेन्द्र साहू, नीलकंठ साहू, खुमान साहू, सोहन साहू, चंद्रहास साहू, महतम साहू, पुखराज साहू, दानी साहू उपस्थित थे।

## किराना दुकान से तीन बार तेल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- चोरी का वीडियो सीसीटीवी में हुआ कैद



गणेश चौक के पास स्थित एक किराना दुकान में लगातार तीसरी बार चोर ने तेल से भरे पीपा की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के गणेश चौक में स्थित एक किराना दुकान में अनोखी चोरी का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पहले दुकान के आसपास टहलते हुए दिखा है। कुछ देर बाद तेल पीपा की चोरी कर ई-रिक्शा से ले जाते दिख रहा है।

किराना व्यवसायी के अनुसार एक युवक ने लगातार तीसरी बार उनकी दुकान से तेल पीपा की चोरी की। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। उक्त युवक की गतिविधियां संदिग्ध दिख रही है। युवक को काफी देर तक दुकान के सामने टहलते देखा गया। वह दो से तीन बार दुकान के भीतर जाकर तेल पीपा का निरीक्षण करता रहा। दुकानदार के व्यस्त होते ही मौके का फायदा उठा युवक तेल डिब्बा को उठाकर बाहर निकल गया। वहीं दुकान से थोड़ी दूर एक ई- रिक्शा तैयार था। जैसे ही युवक तेल डिब्बा के साथ बाहर निकला। पहले से तैयार ई रिक्शा चालक तुरंत पहुंच गया। दोनों तेल डिब्बा लेकर भाग खड़े हुए। संचालक के अनुसार दुकान में तेल चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले दुकान में दो बार इसी तरह की चोरी हो चुकी है। घटना शाम 5 से 6 बजे के बीच की है। चोरी गए तेल डिब्बा की कीमत 22 सौ रूपए है।

## विधायक के प्रयास से होंगे लाखों के विकास कार्य

- रंगमंच, सीसी रोड व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 75 .60 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से विभिन्न ग्रामों में रंगमंच, सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण के लिए 75.60 लाख की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है। इसमें कुरूद ब्लॉक के ग्राम भुसरेंगा में रंगमंच निर्माण कार्य 4 लाख, ग्राम सिलीडीह में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम अछोटी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम परखंदा में रंगमंच निर्माण कार्य 4 लाख रुपये, ग्राम कुम्हारी में 200 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य 5.20 लाख रुपये, ग्राम कानामुका में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम नारी में 200 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य 5.20 लाख रुपये, ग्राम मंदरौद में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 6.50 लाख रुपये, ग्राम हसदा 1 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम कातलबोड़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम मुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम मोंगरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये, ग्राम चिरपोटी भेण्डरवानी में सीसी रोड निर्माण कार्य 200 मीटर 5.20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

अब तक ज्वाइनिंग नहीं करने वाले नए डॉक्टरों से करेंगे बात

## कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल के नए भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर ने नए भवन का निरीक्षण जल्द काम पूरा करा लेने की बात कही। वहीं डेढ़ महीने बाद भी दो नए डॉक्टरों ने ज्वाइनिंग नहीं करने पर कलेक्टर ने उनसे चर्चा करने की बात कही है।

शनिवार की दोपहर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों व अधिकारियों से आवश्यक चर्चा के बाद कलेक्टर जिला अस्पताल में बन रहे नये भवन का निरीक्षण करने पहुंचे। कलेक्टर ने नए भवन के भीतर जाकर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान सिविल सर्जन को अस्पताल में छुटपुट कार्य को जीवनदीप समिति के माध्यम से शीघ्र कराने निर्देशित किया। वहीं फंड के अभाव में अंतिम चरण में धीमी गति से चल रहे नये अस्पताल के कार्य को लेकर कलेक्टर ने कहा कि अंतिम किस्त बाकी है। फंड की जल्द व्यवस्था कर ली जाएगी। नये भवन का कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जाएगा। वहीं राज्य शासन ने अलग-अलग सूची जारी कर जिला अस्पताल के लिए तीन मेडिसीन स्पेशलिस्ट, आर्थोपेडिक्स व सर्जन को पदस्थ किया था जिसमें से एक डॉक्टर मेडिसीन स्पेशलिस्ट तत्काल ज्वाइनिंग कर अपनी ड्यूटी संभाल रहे हैं। लेकिन दो डॉक्टर ने अब तक ज्वाइनिंग नहीं ली है जिससे कलेक्टर को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने दोनों नए डॉक्टरों से चर्चा कर लेने की बात कही है। जिससे अब लगने लगा है कि जिला अस्पताल में जल्द हड्डी रोग व सर्जन सेवा देंगे। इन डॉक्टरों के तैनात हो जाने से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इसी तरह जिला अस्पताल परिसर की पार्किंग में स्थित पेड़ों पर बगुला पक्षियों के बसेरा के कारण होने वाली दुर्गंध की समस्या से अवगत कराये जाने पर पेड़ों की छंटाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सीएमएचओ डा. आदित्य सिन्हा, सिविल सर्जन डा. अरूण टोण्डर, डीपीएम डा. प्रिया कंवर, आरएमओ डा. तेजेश शाह, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, गुरुशरण साहू व शिवा प्रधान मौजूद रहे।

## फसल चक्र से मृदा की उर्वरक शक्ति बनी रहती है



- परेवाडीह में किसानों को चना बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रबी वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं केंद्र प्रवर्तित सब मिशन ऑन सीड एंड प्लाटिंग मटेरियल अंतर्गत चना बीज का वितरण ग्राम परेवाडीह में किया। कृषि विस्तार अधिकारी संतोष नेताम ने किसानों के फसल चक्र के निर्णय को सराहा।सरपंच नारद साहू ने दलहन तिलहन को बढ़ावा देने की बात कही। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बालमुकुंद साहू ने भी अपने विचार रखे। वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन छत्तीसगढ़ के सचिव शीतलेश साहू ने बताया कि फसल चक्र से मृदा में हो रहे कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से बचाव और मृदा क्षरण के कटाव से बहुत हद तक कम किया जा सकता है। मृदा की उर्वरक शक्ति बनी रहती है।

मौके पर उपसरपंच चंदूलाल साहू, ग्राम पटेल लोकेश साहू, रामनाथ साहू, रोहित मेश्राम, कुलेश्वर ध्रुव, पीलूराम साहू, युवराज साहू, दिनेश साहू, टीकाराम ध्रुव, झाडूराम साहू, पूरण साहू, राधेश्याम साहू, विश्राम ढीमर समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में एसआईआर की भूमिका महत्वपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एसआईआर अभियान के तहत ग्राम अछोटा एवं भोयना में फॉर्म भरने एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रगति का भाजपा गंगरेल मंडल मोनिका देवांगन ने निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मोनिका ने कहा कि सशक्त और समृद्ध लोकतंत्र के निर्माण में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पात्र हितग्राही का नाम सूची में शामिल होना आवश्यक है। इस प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची को पूर्ण रूप से त्रुटिरहित, अद्यतन और विश्वसनीय बनाया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का सुचारू रूप से उपयोग कर सके।

निरीक्षण के दौरान सभी बूथों के बीएलओ ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत तक एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बहुत जल्द शत-प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूर्ण हो जाएगी। श्रीमती देवांगन ने बीएलओ को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया।

## कलेक्टर ने किया गोकुलपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शहर के गोकुलपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर बच्चों की पोषण स्तर निगरानी एवं विकास मापन, एआई आधारित मोबाइल एप्लीकेशन से बच्चों का ऊंचाई मापन देखा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने अपने मोबाइल एप्लीकेशन से बच्चों का लंबाई मापन लिया। इस मोबाइल एप की विशेषता है कि इसके माध्यम से बच्चों की फोटो लेकर ही बच्चों की उंचाई और वजन का सटीक माप लिया जा सकता है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का से कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में इस मोबाइल एप का उपयोग करें और बच्चों का डाटा लें। इस एप की एक और खासियत है कि यह केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं बल्कि माता-पिता के लिए भी उपयोगी है। घर पर रहते हुए अपने बच्चों की विकास प्रक्रिया पर नजर रख सकते हैं और समय पर कदम उठा सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह एप्प बच्चों की पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण है और जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में इसे लागू किया जाए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास उपस्थित रहे।

## 14 सांस्कृतिक विधा पर होगा युवा उत्सव

- 9 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला स्तर पर एवं राज्य स्तर पर किया जाना है।

युवा उत्सव में इस वर्ष आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक (प्रतिभागियों का) 18 से 40 वर्ष तक (संगतकारों का) यह आयोजन जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक होगा। इसमें 14 सांस्कृतिक विधाएं लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, 14 रॉकबैंड शामिल की गई है। धमतरी जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन 9 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में किया जाना प्रस्तावित है। पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा हेतु केवल 1 विधा में भाग ले सकते सकेगा। 1 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते। जेपी देव प्रभारी सहायक खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस ने बसंत यादव पर जताया भरोसा व कांकेर जिला अध्यक्ष की सौंपी कमान

कांकेर। लंबे इंतजार और संगठन सृजन अभियान के तहत कई जिम्मेदार पदाधिकारी कांकेर पहुँचे और कई विकासखंड में दौरा करके चेहरे की तलाश किया, परंतु पहले दिन से ही बसंत यादव के अध्यक्ष बनाए जाने का ठप्पा लग चुका था और अंततः कांग्रेस ने बसंत यादव को कांकेर जिला कांग्रेस कमेटी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा की गई इस घोषणा के बाद जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि जिले में कांग्रेस की पकड़ और मजबूत की जा सके। कांग्रेस ने भी भाजपा की तरह पिछड़ा वर्ग के चेहरे पर दांव लगाया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत यादव को संगठन में सक्रिय, जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय चेहरा माना जाता है। वे लंबे समय से पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहते हुए एनजीओ का संचालन करते आ रहे है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि उनकी नियुक्ति से न सिर्फ संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी बल्कि युवा कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। नए जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद बसंत यादव ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।



### शीर्ष नेतृत्व ने धमतरी में संगठन की मजबूती के लिए महिला पर जताया भरोसा

# तारिणी को मिली कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के 41 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है। धमतरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पार्टी ने महिला पर भरोसा जताते हुए यह जिम्मेदारी छग महिला कांग्रेस सचिव पर पदस्थ बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती तारिणी चंद्राकर के मजबूत कंधों पर सौंप दी है। उनकी इस नियुक्ति से तारिणी के समर्थकों में जमकर उत्साह है और आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार कर रहे है।

इस नियुक्ति पर धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम एवं पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि तारिणी एक अनुभवी और मेहनती नेत्री हैं। पार्टी ने उन्हें अब तक जो भी दायित्व दिया, उस पर वह सदा खरा उतरती आई हैं। कांग्रेस पार्टी ने उन पर फिर से विश्वास जताकर एक सही और न्यायसंगत फैसला लिया है। कांग्रेस नेता मोहन लालवानी, विजय देवांगन ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में धमतरी जिला कांग्रेस मजबूत होगी और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।





### ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्र में संगठन को मजबूत करूंगी : तारिणी

नई जिम्मेदारी मिलने पर तारिणी ने पार्टी उच्चाधिकारियों और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास कर जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है,उस पर वह खरा उतरेंगी। अब धमतरी जिला संगठन अधिक मजबूती के साथ हर मोर्चे पर आगे रहेगा। अब उनका मुख्य ध्यान जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, युवाओं और महिलाओं को जोड़ने तथा जनसमस्याओं को उठाने पर होगा। उन्होंने 2029 के आम चुनावों की तैयारी जोर-शोर से शुरू करने की बात कही है।

### कुरुद को पहली बार मिली कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान

उल्लेखनीय है कि धमतरी जिला कांग्रेस कमेटी के इतिहास में पहली बार कुरूद क्षेत्र के साथ साथ एक महिला को जिला स्तर पर पार्टी का नेतृत्व करने का मौका देकर कांग्रेस ने बहुत बड़ा भरोसा जताया है। सूची में तारिणी का नाम जैसे ही जिलाध्यक्ष के रूप में जारी हुआ वैसे ही सोशल मीडिया, फेसबुक समेत तमाम संसाधनों से उन्हें और उनके पति को बधाई देने का सिलसिला चल पड़ा है। शनिवार को दोपहर कुरूद कांग्रेस भवन में कांग्रेसी एकत्र हुए। ततपश्चात नारेबाजी करते हुए पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक, कारगिल चौक से पुनः कांग्रेस भवन पहुंचे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई कुरुद, भखारा, मगरलोड के तमाम छोटे-बड़े नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सभी वर्ग के लोगों से आसानी से जुड़ती हैं तारिणी

निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने भी इस नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप फैसला है। तारिणी का संगठन पर अच्छा नियंत्रण है और वह सभी वर्ग के लोगों से आसानी से जुड़ जाती हैं। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर ने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर तारिणी खरा उतरने का प्रयास करेंगी। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पूर्व पार्षदों ने शेयर की अपने कार्यकाल की खट्टी-मीठी यादें

- नगर निगम के सभाकक्ष में पूर्व पार्षदों का हुआ स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शुक्रवार को नगर निगम के सभाकक्ष में पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. एनपी गुप्ता ने अपने दो कार्यकाल के पूर्व पार्षदों का स्नेह समेलन का आयोजन किया, जिसमें पूर्व पार्षदों ने अपने कार्यकाल की खट्टी- मीठी यादें शेयर की। इस दौरान डॉ. गुप्ता ने अपने पूर्व पार्षदों की पेंशन के लिए एजेंडा रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया गया। पेंशन मांग का ज्ञापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्न कर किया गया। डॉ. एनपी गुप्ता ने पूर्व पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल नपाध्यक्ष के रूप में 1995 से 2000 तथा 2010 से 2015 तक रहा। इस दौरान उन्होंने-पक्ष विपक्ष के बीच तकरार सहित खट्टी मीठी पुराने यादें बताई। यहां मौजूद सभी पूर्व पार्षदों ने अपना परिचय देकर अपने-अपने संस्मरण की यादें ताजा की। पूर्व पार्षद अमरचंद जैन, राजीव लुंकड़, मोहन लालवानी, श्री पीटर, निलेश राजा, सतीश मीनपाल, धनीराम सोनकर, पवन लिखी, श्री रामटेके, अवैश हाशमी, तल्लीन पुरी गोस्वामी, रूपेश राजपूत, सलीम रोकड़िया, घनाराम सोनी, सरला जैन, ज्योति गुप्ता, श्रीमती चंद्रकला पटेल, श्रीमती संगीता जगताप, श्रीमती उषा निर्मलकर, रीना सोनवानी, देवेन्द्र नेताम, राकेश चंदवानी, अनिल कुमार, दिलीप देवांगन, श्रीमती राजकुमारी मेश्राम, श्रीमती सरिता यादव सहित पूर्व पार्षदों ने अपना संस्मरण बताया।





### पूर्व पार्षदों को पेंशन देने की मांग

पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. एनपी गुप्ता ने अपना प्रस्ताव रखा, जिसमें कहा कि सांसद, विधायक को आजीवन पेंशन मिलती है। अब तो सरकार महतारी वंदन योजना में करोड़ों रूपये दे रही है। पार्षद का चुनाव जीतना सबसे कठिन है। पार्षद बनने के बाद 24 घंटे वार्डवासियों को सेवा देनी पड़ती है। लोगों का हमेशा ताना सुनना पड़ता है। अनेक पार्षद आर्थिक तंगी से जूझते हैं। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि पूर्व पार्षदों को भी पेंशन मिलनी चाहिए। इसका ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। डॉ. गुप्ता के प्रस्ताव को सभी पूर्व पार्षदों ने एकमत से पारित किया।

### जब बात नहीं बनी तब यह ट्रिक अपनायी : कुर्रे

शीतलापारा वार्ड के पूर्व पार्षद अशोक कुर्रे ने बताया कि सन 2010-2015 के कार्यकाल में विपक्ष के पार्षद चुनकर आए। वार्ड के विकास कार्यों के लिए सिर्फ आवेदन देते रहे लेकिन कोई काम नहीं हो पा रहा था। नपाध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। रंग गुलाल, गाना बजाना के बीच वह देव चढ़ने का नाटक करने लगा। उस समय लालबगीचा के पार्षद मोतीराम साहू ने उसकी मदद की और डॉ. साहब को बताया कि अशोक को देव आया है, उसकी कुछ मांगें हैं। डॉ. साहब ने उनसे पूछा क्या मांगें हैं तो उसने देव चढ़े होने का रोल करते हुए शौचालय, आंगनबाड़ी, रोड, नाली की समस्या बताई। डॉ.के आश्वासन के बाद वे सामान्य हो गए। उसके बाद उनके वार्ड में सब विकास कार्य हुए। श्री कुर्रे का संस्मरण सुनकर वहां मौजूद पूर्व पार्षद खूब हंसे।

### सभी पूर्व पार्षदों का होगा सम्मेलन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि डॉ. गुप्ता की उल्लेखनीय सोच का नतीजा है कि पहली बार पूर्व पार्षदों का सम्मेलन किया जा रहा है। जब भी किसी वार्ड में वे जाते हैं तो लोग पूर्व पार्षदों के उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हैं। धमतरी के समुचित विकास के लिए पूर्व पार्षदों का अनुभव बहुत जरूरी है। पूर्व पार्षद फोन के माध्यम से या उन्हें बुलाकर विकास कार्यों के लिए अपना सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने पेंशन मांग पत्र को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने तथा भविष्य में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम में सभी पूर्व पार्षदों का सम्मेलन करने की घोषणा की। स्नेह सम्मेलन में तत्कालीन सीएमओ अमृत चोपड़ा, अशोक द्विवेदी सहित अधिकारी-कर्मचारी की मौजूदगी रही। आभार व्यक्त श्रीमती चित्रलेखा निर्मलकर ने किया।

# हाईवा वाहन चालकों से कथित कांग्रेसी नेताओं ने की अवैध वसूली

- रत्नाबांधा चौक में रायल्टी के नाम पर पांच-पांच हजार वसूले, मुंहमांगे दाम पर लोडिंग और रायल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शुक्रवार रात को रेत परिवहन करने वाले दर्जन भर हाइवा वाहनों से 5-5 हजार रूपये की अवैध वसूली की शिकायत मिली है। अवैध वसूली का काम कथित कांग्रेस नेताओं द्वारा करने का आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव तथा दुर्ग जिले से दर्जनों हाइवा वाहन गिट्टी लेकर आते हैं और यहां से रेत भरकर अपने गंतव्य को जाते हैं। राजनांदगांव के हाइवा चालकों के मुताबिक शुक्रवार रात को सिहावा चौक के पास कुछ लोगों ने रेत भरकर वापस लौट रहे हाइवा वाहन चालकों को रोककर पिटपास दिखाने की मांग की।

अधिकांश वाहनों के पास रायल्टी नहीं होने पर उन्होंने अपने आपको कथित कांग्रेसी नेता बताते हुए माईनिंग अधिकारी को बुलाकर गाड़ी जब्त कराने की धमकी दी। उन्होंने वाहन मालिकों से फोन पर बात कर 5-5 हजार रूपये की डिमांड की। कई ड्राइवरों ने नगदी रकम दी वहीं कई वाहन मालिकों ने यूपीआई सिस्टम से मोबाइल पर पैसे ट्रांसफर किया। गत दिनों आमदी में भी हाइवा वाहनों को रोककर चेकिंग की गई। अवैध परिवहन में लिप्त कुछ वाहनों को माईनिंग के हवाले किया गया वहीं कई वाहनों से अवैध वसूली कर छोड़ा गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर दो दिन खदानें बंद

जब-जब शीर्ष नेता प्रदेश में पहुंचते हैं, रेत का अवैध कारोबार गधे के सींग की तरह गायब हो जाता है। राजधानी में पीएम मोदी का दो दिवसीय कार्यक्रम है।



राजधानी में मोदी का आगमन होते ही जिले की सारी खदानें दो दिनों के लिए बंद हो गई हैं। शनिवार सुबह माईनिंग की टीम ने वैध-अवैध सभी खदानों में जाकर दो दिन के लिए रेत परिवहन का काम बंद करा दिया है। इस पर लोगों का कहना है कि प्रशासनिक सहयोग के बिना रेत का काला कारोबार नहीं चल सकता लेकिन सफेदपोश नेताओं के दबाव में अवैध कारोबार बेखौफ चलता है।

### अवैध उत्खनन, परिवहन रोकने में प्रशासन नाकाम

जिले की नदियों में रेत का अकूत भंडार है। जब से रेत खदानों की नीलामी शुरू हुई है तबसे माफियाराज पूरी तरह से हावी है। धमतरी तथा कुरूद में सफेदपोश नेताओं के वरदहस्त में दो माफिया ऐसे हैं कि चाहे नीलामी में किसी को टेंडर मिले वही दो माफिया खदानों का संचालन कर सकते हैं। इस वजह से कम्पिटिशन नहीं होने से रेत लोडिंग और रायल्टी का 4 गुना से अधिक दाम वसूला जा रहा है। हाइवा संचालक बताते हैं कि शासन ने नीलामी के दौरान 115 रूपये घनमीटर लोडिंग तथा रायल्टी 50 रूपये घनमीटर निर्धारित की है। खदानों में हाइवा वाहनों की लोडिंग घनमीटर से नहीं की जाती। चक्के के हिसाब से दर निर्धारित की गई है। 10 चक्का वाहनों की 5500 रूपये लोडिंग तथा 2500 रूपये रायल्टी वहीं 12 चक्का वाहनों की लोडिंग 7500 रूपये तथा रायल्टी 3500 रूपये ली जाती है। इससे 500 फीट साईज वाले हाइवा संचालकों का काम ठप हो गया है। कुछ वाहन मालिक डाला की साईज बढ़ाकर ओवरलोड परिवहन के लिए मजबूर हैं। रायल्टी निर्धारित दर से 4 गुना अधिक होने से एक ही टीपी से हफ्तों रेत परिवहन कर रहे हैं।

# रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी का विरोध



- कांग्रेसजनों ने गांधी मैदान में सीएम साय का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जमीन रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कांग्रेसजनों ने गांधी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। इससे पूर्व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एकत्रित हुए जहां से नारेबाजी करते हुए गांधी मैदान पहुंचे और सीएम का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने पूरे राज्य में जमीन पंजीयन को लेकर हो रही लगातार समस्याएं, नई जमीन की गाइडलाइन दर में बेहताशा बढ़ोतरी एवं अनियमितता का जमकर विरोध किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, विजय प्रकाश जैन, अरविंद दोशी, शकील अहमद गुड्डा, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद पारसमणि साहू, राजेश ठाकुर, राजेश पांडेय, खिलेंद्र ध्रुव, विक्रांत पवार, राकेश मौर्य, अविनाश मरोठे, रजत सोनकर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण 1 दिसंबर से

**धमतरी**। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 1 दिसंबर से मशरूम उत्पादन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इच्छुक ऐसे महिला एवं पुरुष हितग्राही जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आयस्टर मशरूम उत्पादन विधि, पैरा कुट्टी उपचार विधि, फसल प्रबंधन, मशरूम आचार, मशरूम पाउडर, सूखा मशरूम, मशरूम उत्पादन हेतु खेत स्थान की तैयारी आदि की जानकारी दी जाएगी। उद्यमिता सबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

# काम बंद-कलम बंद आंदोलन की बनी रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक कर्मचारी भवन कचहरी चौक धमतरी में आयोजित की गई। बैठक में 22, 23 एवं 24 दिसंबर को प्रस्तावित काम बंद कलम बंद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार धमतरी जिले के सभी चार विकासखंडों तथा जिला मुख्यालय में गांधी मैदान में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन की सफलता के लिए जिला स्तरीय फेडरेशन टीम ब्लॉक संयोजकों से समन्वय स्थापित करते हुए विकासखंडों का दौरा करेगी।

आंदोलन के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु सभी अध्यक्ष व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से संदेश प्रसारित करेंगे। आगामी समीक्षा बैठक में तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान लगने वाले संसाधनों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में चंदूलाल चंद्राकर, दयालुराम साहू, अमित महोबे, एनआर. टंडन, खुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार सिन्हा, महेंद्र कुमार साहू, संदीपराव जाधव, डीएन साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।




# जिले के चार शिक्षक बने प्राचार्य





**धमतरी**। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय सचिव द्वारा 27 नवंबर को जारी आदेश के अनुसार जिले के कई शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया है। जिले के नंदकिशोर साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ को उच्चतर माध्यमिक शाला खरेगा में प्राचार्य पद का दायित्व सौंपा गया है। नमिता तिवारी को नाथूजी जगताप उत्तर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, किशोर साहू को हाईस्कूल सांकरा, नरेंद्र गजेंद्र को उच्चतर माध्यमिक शाला रांवा में प्राचार्य पद की जिम्मेदारी मिली है। इन पदोन्नतियों पर यदुनंदन वर्मा, अतुल रणसिंह, पंकज रावटे, चंपा चंद्राकर, केशव साहू, कन्हैया लाल साहू, कचरू राम, कृपाशंकर मिश्रा, कृष्णाराम साहू, ईश्वरी दयाल साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेंद्र, अरुण कुमार गौर, अनीता घोरपड़े, टिकेश्वरी वर्मा, लोकेश साहू, यशवंत देवांगन, संतोष दीवान, ज्ञानेश गुप्ता, नरेश साहू, कमलेश नेताम, भारतलाल साहू, भीखम लाल साहू, राजकुमार मिश्रा, गणेशराव पवार एवं हनुमान सिंह वर्मा ने हर्ष जताया है।




### आदिवासी समाज की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



आदिवासी सामुदायिक भवन कुरुद में आज सुबह 11 बजे आदिवासी समाज की बैठक होगी। इस दौरान राजाराव पठार में होने वाले वीर मेले पर चर्चा की जायेगी। 7 दिसम्बर तक आदिवासी सामुदायिक भवन कुरुद में सहयोग राशि 20 रूपये, आदिवासी समाज संचालन के लिए 10 रूपये जमा करने की अपील की गई है। यह जानकारी देवनाथ नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ने दी।

**पाठक सूचना**
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक




**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज